Regarding naxal activities in Chatra and demand of enquiry from Home Ministry

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): सभापति महोदय, मेरे क्षेत्र में एक उग्रवाद की घटना घटित हुई है, जिसकी ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । झारखंड के चतरा लोक सभा क्षेत्र के चतरा जिले में कल उग्रवादी घटना हुई जिसमें दो पुलिसबल मारे गए हैं । मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायल पुलिस जवान की उचित चिकित्सा की व्यवस्था हो ।

मान्यवर, यह घटना अफीम की खेती से जुड़ी है, सैकड़ों एकड़ जमीन पर बड़े पैमाने पर अफीम की खेती हो रही थी । उसको समाप्त करने के लिए चतरा पुलिस लगातार अभियान चला रही थी । यहां एक बात सामने आती है कि इतने बड़े क्षेत्र, लगभग सैकड़ों एकड़ जमीन में अफीम की खेती की जा रही है, वन भूमि में खेती हो रही है । वन अधिकारियों की संलिप्तता के बिना यह नहीं हो सकता। चतरा पुलिस के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वह इस अफीम की खेती को समाप्त करे । यह अंतर्राष्ट्रीय गिरोह की साजिश है और टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है ।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के होम मिनिस्ट्री से मांग करता हूं कि इसको नारकोटिक्स डिपार्टमेंट से जांच कराएं । इसके साथ-साथ, वन भूमि में अफीम की खेती कैसे हो रही है, इसकी भी जांच की जाए ताकि लोगों को न्याय मिले सके और उग्रवाद पनपने के पहले ही समाप्त हो जाए ।